(i) Printed Pages : 4 Roll No. ................................

(ii) Questions : 7 **Sub. Code : 1 0 4 0 7**

**Exam. Code : 5 0 0 2**

**Bachelor of Arts (FYUP) 2nd Semester**

**(2056)**

**HINDI**

**Paper : Bhakti Kavya, Sahitya Itihass Evam Vyavaharik Hindi**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

**नोट** :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की व्याख्या कीजिए :

(i) स्याम सखा को गेंद चलाई।
श्रीदामा मुरि अंग बचायो, गेंद परी कालीदह जाई।।
धाई गही तब फेंट स्याम की, देहु न मेरी गेंद मंगाई,
और सखा जनि मोको जानों, मोसौं तुम जनि करौ ढिठाई।
जानि–बूझि तुम गेंद गिराई, अब दीन्हैं बने कन्हाई।
सूर सखा सब हंसत परस्पर, भली करी हरि गेंद गंवाई।।

(ii) मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
छांडि दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई।
संतन ढिग बैठि बैठि, लोक लाज खोई।
अंसुवन जल सींचि सींचि, प्रेम बेली बोई,
अब तो बेल फैल गई, आनंद फल होई। 8

(ख) सूरदास के 'बाल–लीला' पदों का सार लिखिए।

**अथवा**

गिरिधर कविराय की कुंडलियों का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 12

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भक्तिकाल की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

(ii) रामकाव्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(iii) सूफी काव्यधारा की प्रमुख काव्य–विशेषताओं का परिचय दीजिए।

(iv) ज्ञानमार्गी काव्यधारा की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 20

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए :

(i) सूरदास के आराध्य कौन हैं?

(ii) सूरदास ने किस भाषा को अपनी रचनाओं का आधार बनाया?

(iii) मीराबाई किस काल से सम्बंधित हैं?

(iv) मीराबाई के आराध्य कौन थे?

(v) मीराबाई के पति का क्या नाम था?

(vi) गिरिधर कविराय ने किस छंद में काव्यरचना की है?

(vii) गिरिधर ने किस बात को भुला देने की सलाह दी है?

(viii) भक्तिकाल की समयसीमा क्या है?

(ix) भक्तिकाल में भक्ति की कितनी धाराएँ प्रवाहित हुई?

(x) किन्हीं दो संत कवियों के नाम बताइये।

(xi) किन्हीं दो कृष्ण–भक्तिशाखा के कवियों के नाम बताइये।

(xii) रामचरितमानस की रचना किस भाषा में की गई है?

(xiii) जायसी का पूरा नाम क्या है?



Scanned with OKEN Scanner

(xiv) कबीर भक्तिकाल की किस धारा के कवि हैं?

(xv) सुरदास किस रस के सम्राट माने जाते हैं? 10

4. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :

(i) नारी–शिक्षा की आवश्यकता

(ii) नशे के दुष्परिणाम

(iii) युद्ध के दुष्परिणाम

(iv) बेरोजगारी उन्मूलन के उपाय। 10

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

विश्व की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। आज विश्व की जनसंख्या 8 अरब को पार कर गई है। बढ़ती आबादी विकास दर को धीमा कर रही है। बढ़ता प्रदूषण, बेरोजगारी, व्याधियाँ एवं सीमित प्राकृतिक संसाधनों की गंभीर कमी जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी जनसंख्या वृद्धि हानिकारक है। बढ़ती आवश्यकताओं के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जाता है जिसके परिणाम विनाशकारी सिद्ध होते हैं। बढ़ती आबादी की आवास समस्या के समाधान हेतु मनुष्य अंतरिक्ष में बस्तियाँ बसाने के सपने संजो रहा है।

(1) आप विश्व की अनुमानित जनसंख्या कितनी है?

(2) जनसंख्या वृद्धि के क्या दुष्परिणाम होते हैं?

(3) पर्यावरण की दृष्टि से जनसंख्या–वृद्धि के हानिकारक प्रभाव क्या हैं?

(4) बढ़ती आबादी की आवास–समस्या के निवारण हेतु आज क्या उपाय सोचा जा रहा है?

(5) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 10



Scanned with OKEN Scanner

6. किन्हीं **पाँच** मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएँ :

अपना उल्लू सीधा करना, आस्तीन का सांप, खून–पसीना एक करना, नाक में दम करना, हाथ तंग होना, अधजल गगरी छलकत जाए, आम के आम गुठलियों के दाम, जाको राखे साइयां मार सके न कोय। 10

7. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दस** के हिन्दी रूप लिखिए :

Affidavit, Book-fair, Collector, Association, Bureau, Complaint, Attendant, Bonafide, Decorum, Agreement, Care-taker, Dignity, Audit, Charge sheet, Discretion. 10



Scanned with OKEN Scanner